भाकृअनुप-राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान(मानद् विश्वविद्यालय)
ICAR-National Dairy Research Institute (Deemed University)
करनाल, हरियाणा (भारत). पिन-132 001.
Karnal, Haryana (India). PIN-132 001

फा.सं. 12-6/हिंदी कार्यशाला संगोष्ठी/राडेअनुसं                                        दिनांक : 06.08.2026

## कार्यालय आदेश

इस कार्यालय आदेश के माध्यम से संस्थान के सभी संयुक्त निदेशकों, प्रभागाध्यक्षों, अनुभागाध्यक्षों, राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्य, प्रशासनिक वर्ग के सभी अधिकारियों को सूचित किया जाता है कि नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), करनाल एवं भाकृअनुप-राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में भारत सरकार के राजभाषा विभाग के दिशानिर्देशों के मद्देनजर दिनांक 07.08.2026 को पूर्वाहन 10.00 बजे से अपराह्न 01.00 बजे तक डा. एन.एन.दस्तूर सभागार में **राजभाषा के समुचित प्रचार-प्रसार एवं कार्यान्वयन के लिए एक दिवसीय** कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यशाला में श्री बलदेव शर्मा जी, पूर्व कुलपति एवं चेयरमैन नैशनल बुक ट्रस्ट (NBT),दिल्ली – 110001 **"राष्ट्र निर्माण में हिन्दी का योगदान"** विषय पर मुख्य अतिथि के रूप में व्याख्यान देंगे। श्री मुकेश कुमार मेश्राम जी, IAS, अपर सचिव पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार सम्मानित विशिष्ट अतिथि के रूप में अपने उद्गार व्यक्त करेंगे। इसी क्रम में श्री राजीव रंजन जी, सी.पी.आर.ओ. एवं इंचार्ज सामुदायिक पुलिसींग, पुलिस मुख्यालय हरियाणा भी हिन्दी के महत्व पर अपनी अभिव्यक्ति देंगे। भारत सरकार के राजभाषा विभाग के परामर्शदाता, श्री के.पी.शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में **"राजभाषा कार्यान्वयन"** पर व्याख्यान देने हेतु सादर आमंत्रित किए गए हैं।

अतः सभी प्रभागाध्यक्ष, अनुभागाध्यक्ष, राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्य, प्रशासनिक वर्ग के सभी अधिकारी, हिन्दी में रुचि रखने वाले वैज्ञानिक एवं सभी तकनीकी अधिकारी इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए सादर आमंत्रित किए जाते हैं।

(यह सक्षम प्राधिकारी महोदय के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है।)

धीरज शर्मा

**प्रभारी, राजभाषा एकक**

**प्रतिलिपि:**

- निदेशक, भाकृअनुप-राडेअनुसं, करनाल को उनके प्रधान निजी सचिव के माध्यम से सूचनार्थ।
- संस्थान के सभी संयुक्त निदेशकों, प्रभागाध्यक्ष, अनुभागाध्यक्ष, राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्य, प्रशासनिक वर्ग के सभी अधिकारियों, हिन्दी में रूचि रखने वाले वैज्ञानिक एवं सभी तकनीकी अधिकारी के सूचनार्थ।
- प्रभारी, संचार केन्द्र को मिनी ऑडिटोरियम की व्यवस्था हेतु।
- प्रभारी, फोटोग्राफी प्रकोष्ठ को फोटोग्राफी की व्यवस्था हेतु।
- प्रभारी, कम्प्यूटर केन्द्र को संस्थान के वेबसाइट एवं ई-ऑफिस नोटिस बोर्ड पर अपलोडिंग बावत्।